# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 05 मई 2024, रविवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा तेलंगाना के आदिलाबाद और निजामाबाद में आयोजित विशाल रैलियों में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**तेलंगाना में 10 सीटों पर खिलने जा रहा है कमल**

******************

**कांग्रेस और BRS तेलंगाना को रजाकारों से नहीं बचा सकती**

******************

**कांग्रेस ने तेलंगाना पर राहुल-रेवंत 'RR' टैक्स लगा दिया**

******************

**विपक्ष ने तुष्टीकरण की A, B, C ही पढ़ी है, A से असदुद्दीन ओवैसी, B से बीआरएस और C से कांग्रेस**

******************

**ओवैसी चाहे जितना भी विरोध कर लें, जब तक भाजपा है PFI जैसी देश विरोधी संस्थाएं नहीं चलेंगी**

******************

**KCR को शराब घोटाले का हिसाब तेलंगाना की जनता को देना होगा**

******************

**हम मुस्लिमों को असंवैधानिक रुप से दिए गए आरक्षण को समाप्त कर, SC, ST और OBC को उनके हक का आरक्षण वापस देंगे**

******************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के श्री अमित शाह ने आज रविवार को तेलंगाना के आदिलाबाद और निजामाबाद में आयोजित विशाल रैलियों को संबोधित करते हुए वोटबैंक की राजनीति के लिए देश की सुरक्षा को दांव पर लगाने और फर्जी वीडियो जारी कर जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की करारी आलोचना की। इस कार्यक्रम में आदिलाबाद लोकसभा प्रत्याशी श्री गोदाम नागेश, निजामाबाद से लोक सभा प्रत्याशी श्री अरविंद धर्मपुरी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि **2 चरण के चुनाव पहले ही समाप्त हो चुके हैं और इन दोनों चरणों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सेंचुरी लगाकर कांग्रेस को पछाड़ते हुए आगे निकाल गए हैं। तीसरे चरण में भाजपा 200 पार कर लेगी और तेलंगाना के चुनाव के बाद यह आंकड़ा 250 के पार पहुंच जाएगा।** तेलंगाना में हर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने निरंतर अपना वोट प्रतिशत बढ़ाया है। **2014 में सिर्फ एक सीट मिली, 2019 में 4 सीट और 2024 में अब 10 से अधिक सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलने जा रहा है।** एक बार फिर एनडीए की सरकार बनाने का मतलब दुनिया में तीसरे पायदान की अर्थव्यवस्था बनना। यह चुनाव 2 खेमों के बीच है पहला आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाला एनडीए और दूसरा इंडी गठबंधन जो राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। एक ओर 12 लाख करोड़ के घोटाले–घपले करने वाली कांग्रेस पार्टी है और दूसरी ओर 23 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर रहने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिनके ऊपर एक पैसे का भी भ्रस्टाचार का आरोप नहीं है। एक ओर चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल गांधी जी हैं और दूसरी ओर गरीब चाय बेचने वाले के घर पर पैदा हुए श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए**

**दीपावली के दिन भी छुट्टी लिए बगैर सीमा पर सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाने वाले श्री नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी और गर्मी थोड़ी बढ़ते हुए थाईलैंड और बैंकाक छुट्टी पर जाने वाले राहुल बाबा हैं।**

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जो भी वादे किए थे उसे पूरा किया है और जो नहीं किए थे उसे भी पूरा किया है। **कांग्रेस ने दशकों तक राम मंदिर निर्माण का मुद्दा अधर में लटकाए रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 22 जनवरी प्रभु श्री राम को टेंट से निकालकर भव्य मंदिर में विराजमान करवा दिया।** कांग्रेस ने वोटबैंक की राजनीति के कारण भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार भी किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि तेलंगाना-राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना, लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि तेलंगाना बच्चा भी कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। **70 वर्षों से कांग्रेस पार्टी धारा 370 को अपनी अनौरस संतान की तरह गोद में लेकर वोट बैंक की राजनीति करती रही। श्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया**। कश्मीर में आज भारत का तिरंगा आन बान और शान ने लहरा रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को आतंकवाद से मुक्त करने का काम किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने निजामाबाद की जनसभा में कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि तेलंगाना-राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना देना, लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि तेलंगाना बच्चा भी कश्मीर के लिए जान देने को तैयार है। 70 वर्षों से कांग्रेस पार्टी धारा 370 को अपनी अनौरस संतान की तरह गोद में लेकर वोट बैंक की राजनीति करती रही। श्री नरेन्द्र मोदी को देश की जनता ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया। कश्मीर में आज भारत का तिरंगा आन बान और शान ने लहरा रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरे देश में से नक्सलवाद और आतंकवाद को उखाड़ कर फेंक दिया है, सिर्फ छत्तीसगढ़ के एक कोने में बचा है जिसपर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद नक्सलवाद पर जड़ से विराम लग जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि तेलंगाना में ए, बी, सी के माध्यम से वर्ग विशेष का तुष्टीकरण होता है जिसमें A का अर्थ ओवैसी, B का अर्थ बीआरएस और C का अर्थ कांग्रेस है। ये लोग भगवान राम की शोभायात्रा पर प्रतिबंध लगाते हैं, हैदराबाद विमोचन दिवस नहीं मनाते, सीएए तथा यूसीसी का विरोध करते हैं और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी ठुकरा देते हैं। केसीआर को शराब घोटाले में तेलंगाना की जनता के पैसै के साथ हुई लूट का हिसाब देना होगा। बीआरएस ने तेलंगाना को बर्बाद कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी तेलंगाना को देश का नंबर 1 राज्य बनाने के लिए संकल्पित है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के 10 वर्षों की शासन में आए दिन देश पर आतंकी हमले होते थे और सरकार कुछ नहीं करती थी लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने मात्र 10 दिनों के अंदर पाकिस्तान के घर में घुसकर उरी और पुलवामा का करारा जवाब दिया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले दस वर्षों में भारत को आतंकवाद तथा नक्सलवाद से मुक्त कराया है एवं 80 करोड़ गरीबों को निशुल्क राशन, 12 करोड़ जनता को शौचालय, 4 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर और 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मुहैया कराए हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कोविड काल में हर नागरिक को नि:शुल्क वैक्सीन लगवाकर देश की जनता को सुरक्षित किया। **राहुल गांधी खुद ने स्वयं तो वैक्सीन लगवा ली परन्तु उसके बाद वैक्सीन को मोदी वैक्सीन बताकर जनता को गुमराह करने की राजनीति की।** कांग्रेस इस बार 400 सीटों पर विजयी होने भाजपा द्वारा आरक्षण समाप्त करने का झूठ फैला रही है। **तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने फर्जी वीडियो फॉरवर्ड किया। जब तक देश की संसद में एक भी भाजपा का सांसद रहेगा तब तक भाजपा एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को समाप्त नहीं होने देगी।**

श्री शाह ने कहा कि **तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने शासन में आते ही तेलंगाना को कांग्रेस का एटीएम बना दिया है**। पहले तेलंगाना में बीआरएस भ्रष्टाचार करती थी और अब कांग्रेस कर रही है। **कांग्रेस ने प्रदेश में कई परियोजनाओं को डुबा दिया और आदिलाबाद में पेपर फैक्ट्रियों को भी बंद करवा दिया।** लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस आदिलाबाद को अपने 130 आकांक्षी जिलों में शामिल किया है। **भाजपा ने कांग्रेस द्वारा वर्ग विशेष को दिए गए असंवैधानिक आरक्षण को समाप्त कर एससी, एसटी और ओबीसी को उनके अधिकार वापस देने का संकल्प**

**लिया है।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने तीन तलाक समाप्त किया लेकिन राहुल गांधी सत्ता में आने पर तीन तलाक बहाल करने की बात करते हैं। **कांग्रेस देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू करना चाहती है**।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आदिलाबाद में प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत 2 लाख 40 हजार लोगों को निशुल्क इलाज, उज्ज्वला योजना के तहत 47 हजार महिलाओं के गैस सिलेंडर और 95 हजार किसानों प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तहत 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष दिए गए हैं। इसके अलावा भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 150 किमी सड़क बनवाई है तथा 33 किमी लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग और रेलवे ओवरब्रिज बनाया है एवं आदिलाबाद रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण और आदिलाबाद तक नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का काम शुरू कर दिया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस तेलंगाना को रजाकारों से नहीं बचा सकती क्योंकि ये दोनों ओवैसी से डरती हैं। **तेलंगाना राज्य में ए, बी, सी के माध्यम से तुष्टीकरण होता है जिसमें A का अर्थ ओवैसी, B का अर्थ बीआरएस और C का अर्थ कांग्रेस है।** कांग्रेस और बीआरएस हैदराबाद विमोचन दिवस नहीं मनाती थी लेकिन भाजपा सरकार ने हर वर्ष हैदराबाद विमोचन दिवस मनाने की घोषणा कर दी है। ओवैसी से डरने वाली कांग्रेस तेलंगाना का भला नहीं कर सकती, तेलंगाना का भला सिर्फ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं। आदरणीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने उपस्थित जनता से स्थानीय प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने और देश में फिर एक बार कमल खिलाने की अपील की।

*************************